# कविवर उमाशंकर जोशी की जन्मजयंती मनाई गई

**मोडासा**

साहित्य अकादमी दिल्ली एवं गुजरात साहित्य अकादमी गांधीनगर तथा बा.पु.म. स्कूल केलवणी मंडल, मुंबई संचालित स्व. एस.एच. जोशी एवं बीके जोशी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज बामणा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 22 जुलाई को प्रिंसीपल डॉ. ए.आर. जोशी के मार्गदर्शन में कविवर उमाशंकर जोशी की जन्म जयंती मनाई गई। गुजरात राज्य के प्रख्यात साहित्यकार मणीलाल पटेल ने उमाशंकर जोशी के साथ बिताए गए समय तथा उनके साहित्य का रसपान तथा कवि हरीश मीनाश्रु ने काव्य का रसपान कराया। सेंट्रल यूनिवर्सिटी गांधीनगर में कार्यरत तथा गुजरात साहित्य अकादमी के पूर्व महामात्र अजयसिंह चौहाण ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा मंडल के पूर्व अध्यक्ष भानुभट्ट, हसमुख भट्ट, राजेन्द्रसिंह जोद्धा, स्कूल के प्राचार्य जी.जी. पटेल, हिमांशु व्यास, सामाजिक कार्यकर्ता, गांव के नेता, साहित्य प्रेमी, कॉलेज-स्कूल स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी इस अवसर पर हाजिर रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रा. ब्रिजेश पंचाल ने किया।



